# गुजरात क्राइम ब्रांच की रीवा में दबिश, साइबर ठग गिरोह गिरफ्तार

## शिल्पी उपवन कालोनी में किराये के मकान में चल रहा था रैकेट, सूरत में रिटायर्ड कर्मचारी को बनाया था शिकार, 13 आरोपी हिरासत में





नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 मार्च, शहर के विश्वविद्यालय थाना अन्तर्गत शिल्पी उपवन में साइबर ठगी गिरोह किराये के मकान में रहकर आनलाइन साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहा था. लेकिन विश्वविद्यालय पुलिस को इसकी भनक तक नही लगी. गुजरात की क्राइम ब्रांच टीम ने जब रीवा पहुंचकर जानकारी दी तब पुलिस के होश उड़ गये.**

रीवा और गुजरात की पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफास किया है. एक ही मकान से 13 युवको को हिरासत में लिया गया जो आनलाइन साइबर ठगी का कारोबार चला रहे थे. हिरासत में लिये गये आरोपियों को विश्वविद्यालय थाना में रखा गया है जिनसे पूंछताछ की जा रही है उम्मीद है कि एक बड़े नेटवर्क का खुलासा होगा. दरअसल यह मामला गुजरात की आर्थिक राजधानी सूरत से जुड़ा है. दिसम्बर 2025 के महीने में एक सेवानिवृत्त कर्मचारी के मोबाइल में साइबर ठगो ने एपीके की फाइल भेजी थी जिसे डाउनलोड़ करते ही मोबाइल हैक हो गया और साइबर ठगो ने बैंक की ओटीपी आदि लेकर वृद्ध सेवानिवृत्त कर्मचारी के खाते से तकनीकी रूप से 7 लाख रूपये निकाल लिये. जिसकी शिकायत जब सूरत में पुलिस से की गई तो पुलिस सक्रिय हुई. क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली कि ठगी करने वाले रीवा में बैठ कर पूरे कारोबार को अंजाम दे रहे है. जिसके बाद गुजरात क्राइम ब्रांच की टीम रीवा पहुंची और पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान को पूरी जानकारी दी. इसके बाद रीवा पुलिस के साथ मिलकर शिल्पी उपवन कालोनी में पहुंचकर उस मकान में दबिश दी जहा से पूरा रैकेट चल रहा था. आरोपियों से पूंछताछ के बाद जो जानकारी निकल कर आएगी

### साइबर ठग बदलते रहते है ठिकाने

आनलाइन साइबर ठगी गिरोह एक स्थान से दूसरे स्थान में अपना ठिकाने बदलते रहते है ताकि उन्हे पुलिस टीम न पकड़ सके. देश भर में आनलाइन साइबर ठगी का पूरा रैकेट चल रहा है. रीवा में पहली बार है जब साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है. सबसे बड़ा सवाल यह है कि शिल्पी उपवन जैसी पाश कालोनी में किराये का मकान लेकर साइबर ठगी करने वाला गिरोह पूरा खेल कर रहा था लेकिन किसी को इसकी भनक तक नही लगी. मकान किराये में देने वाले मकान मालिक भी किरायेदार रखने के पहले कोई सूचना विश्वविद्यालय पुलिस को दी थी कि नही यह भी जांच का विषय है.

### मोबाइल और लैपटाप मिले कमरे से

रविवार की दोपहर जब गुजरात क्राइम ब्रांच और विश्वविद्यालय थाने की पुलिस शिल्पी उपवन पहुंचकर दबिश दी. मकान के अंदर जब पुलिस की टीम पहुंची तो यहा का नजारा देख कर दंग रह गई. अलग-अलग कमरे में 13 युवक थे जो लैपटाप और मोबाइल में लगे थे. पुलिस ने लैपटाप, मोबाइल जप्त किया और एक मोटर साइकल भी मिली है. कमरे के अंदर दरी बिछा कर सभी बैठे थे और यही से लैपटाप के द्वारा पूरा खेल कर रहे थे. पकड़े गये ज्यादातर युवक उत्तराखंड के निवासी बताये गये है फिलहाल सभी से पुलिस पूंछताछ कर रही है. पूंछताछ के बाद जो जानकारी आएगी उसके आधार पर आगे की कार्यवाही होगी.

### विश्वविद्यालय पुलिस को नहीं थी भनक

विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में किराये के मकान में साइबर ठगी का गिरोह वारदात को अंजाम दे रहा था लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नही थी. कही न कही पुलिस का मुखबिर तंत्र कमजोर था जिसके कारण किसी को इसकी भनक तक नही लगी, न थाना प्रभारी को और न ही बीट प्रभारी को. इतना ही नही मोहल्ले के लोग भी नही जान पाए कि दर्जन भर युवक एक मकान में कैसे रह रहे है. आ रहे जा रहे है पर किसी को सक नही हुआ. जब गुजरात सूरत क्राइम ब्रांच ने रीवा पुलिस को जानकारी दी तब पुलिस को पता चला. कहा जा रहा है कि एक सप्तह से चल रही थी पर कही न कही पुलिस का मुखबिर तंत्र कमजोर था और इसकी जानकारी पुलिस को नही थी.

### 13 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है : शर्मा

विश्वविद्यालय थाना प्रभारी हितेंद्र नाथ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुजरात के सूरत में एक रिटायर्ड कर्मचारियों से एपीके फाइल के माध्यम से ओटीपी भेजकर तकरीबन सात लाख रुपए की ठगी की गई थी जिसके बाद गुजरात की सूरत पुलिस रीवा आई और आज दबिश देकर 13 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है. लैपटाप और मोबाइल बरामद किये गये है.



# अमहिया पुलिस ने गल्ला मंडी में जुंए की फड़ पर दबिश देकर पकड़े जुआड़ी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 मार्च, अमहिया थाना पुलिस ने शहर के गल्ला मंडी में जुंए के फड़ पर दबिश देकर आधा दर्जन से अधिक जुआड़ियो को धरदबोचा. जिनके पास से ताश के पत्ते एवं नगदी बरामद की गई है. आरोपियों के विरूद्ध जुंआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया.**

थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गल्ला मंडी अमहिया में कुछ जुआड़ियान तास के पत्ते से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं. सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी एवं घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं उनसे नाम पता पूछा गया जो अपना नाम अमित मिश्रा पिता पंचू लाल मिश्रा उम्र 45 वर्ष निवासी गुढ चौराहा, कमलेश सिंह वैश्य पिता रामाधार सिंह वैश्य उम्र 45 वर्ष निवासी अमहिया, मोहम्मद असलम पिता मरहूम असलम हाफिज उम्र 48 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह, मोहम्मद शहीद अंसारी पिता मोहम्मद जहूल अंसारी उम्र 46 वर्ष निवासी पुरानी आबकारी तरहटी, पुरुषोत्तम दास गुप्ता पिता गयादीन प्रसाद गुप्ता उम्र 52 वर्ष निवासी रानीगंज, अशोक कुमार गुप्ता पिता स्वर्गीय कन्हैया लाल गुप्ता उम्र 40 वर्ष निवासी अर्जुन नगर, रामलाल सोनी पिता शिव प्रसाद सोनी उम्र 62 वर्ष निवासी विशाल मेगा मार्ट के सामने, सरजीत प्रसाद साकेत पिता रामावतार साकेत उम्र 58 वर्ष निवासी इंदिरा नगर का होना बताया. उक्त पकड़े गये सभी आरोपियो की तलाशी ली जाकर कुल 7300 रूपये एवं तास के 52 पत्ते जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज आयेंगे रीवा

**रीवा.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 2 मार्च को भोपाल से शाम 6.15 बजे वायुयान द्वारा प्रस्थान कर शाम 7.15 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेगे. तदुपरांत वह निज निवास के लिए प्रस्थान करेंगे.

### टाइगर सफारी 3 व 4 को बंद रहेगा

**रीवा.** होली अवकाश के कारण महाराजा मार्तण्ड सिंह जू देव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर पर्यटकों के लिए 3 व 4 मार्च को बंद रहेगा. पांच मार्च को मुकुन्दपुर जू पूर्व निर्धारित समय पर पर्यटकों के भ्रमण के लिए खोला जायेगा.

### टीकाकरण के संबंध में समीक्षा बैठक आज

**रीवा.** एचपीव्ही वैक्सीनेशन अभियान के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन 2 मार्च को किया गया है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है.

### पुनर्गठन आयोग की बैठक 12 को

**रीवा.** मध्यप्रदेश प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग भोपाल की अध्यक्षता में संभागीय बैठक 12 मार्च को आयोजित की जाएगी. बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी. बैठक में आईजी, डीआईजी, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, एसपी और संभागीय अधिकारियों से उपस्थिति का अनुरोध किया गया है.

### कार्यपालिका समिति की बैठक आज

**रीवा.** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास समिति श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास कार्यपालिका समिति की बैठक 2 मार्च को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गयी है. सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है.

### टीएल बैठक आज

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 2 मार्च को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगी. बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. बैठक में ई-आफिस व्यवस्था तथा समय सीमा के पत्रों की भी समीक्षा की जायेगी. सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं.

### चना एवं मसूर फसलों के उपार्जन के लिए पंजीयन 16 तक

**रीवा.** रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर फसलों का पंजीयन 20 फरवरी से आरंभ होकर 16 मार्च तक किया जा रहा है. उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों से अपेक्षा की है कि नियत तिथि तक अपनी फसल के उपार्जन के लिये पंजीयन करा लें.

### सैनिक स्कूल में दो विद्यार्थियों का चयन



**रीवा.** द वंडर पब्लिक स्कूल रीवा के कक्षा 5वीं के दो मेधावी विद्यार्थी माधव सिंह एवं आराध्या सिंह ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है. यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और लक्ष्य के प्रति समर्पण का प्रतिफल है. दोनों विद्यार्थियों ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है. इस गौरवपूर्ण सफलता में उनके अभिभावकों का विशेष योगदान रहा. माधव सिंह के पिता धीरज सिंह एवं माता श्रीमती पुष्पांजलि सिंह, तथा आराध्या सिंह के पिता पंकज सिंह एवं माता श्रीमती खुशबू सिंह ने बच्चों को निरंतर प्रोत्साहन, संस्कार और सहयोग प्रदान किया. विद्यालय के डायरेक्टर कुलदीप प्रकाश मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का विषय है. यह सफलता उनके अथक परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है.




कार्यक्रमों की जानकारी देते पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह

# राज्य पात्रता परीक्षा में अनुपस्थित रहे 2247 परीक्षार्थी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 मार्च, मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग अन्तर्गत राज्य पात्रता परीक्षा रविवार को जिले के 23 परीक्षा केन्द्रो में आफ लाइन पद्धति से सम्पन्न हुई. दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक परीक्षा सभी केन्द्रो में चली.**

8822 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठने थे लेकिन 6575 ही परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे, जबकि 2247 अनुपस्थित रहे. राज्य पात्रता परीक्षा को लेकर कलेक्टर द्वारा सभी केन्द्राध्यक्षो की ड्यूटी लगाई गई थी. परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, शांति पूर्वक सम्पादित हो इसके लिये उड़नदस्ता दल बनाये गये थे. शहर के परीक्षा केन्द्रो में लगातार उड़नदस्ता दल निरीक्षण करता रहा. 8822 परीक्षार्थियों को परीक्षा में बैठना था जिसमें से 2247 परीक्षार्थी नही पहुंचे और अनुपस्थित रहे. पहले उड़नदस्ता दल में सुरभि जैन डिप्टी कलेक्टर एवं ऋतु उपाध्याय सीएसपी, दूसरे उड़नदस्ता दल में संयुक्त कलेक्टर सुधीर बेक एवं सीएसपी शामिल रहे.

### सड़क हादसे में युवक की मौत

रीवा, 1 मार्च, रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनाई के समीप एक सड़क हादसा हो गया. जिसमें बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है. घटना के संबंध में विजय चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया की बाइक सवार रामेश्वर प्रसाद चौधरी और मनोज चौधरी बाइक में सवार होकर जा रहे थे इसी दौरान ट्रेलर ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. जिससे रामेश्वर प्रसाद चौधरी निवासी सुरा की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई. जबकि मनोज चौधरी निवासी जीवला गंभीर रूप से घायल है जिसे उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां घायल का उपचार जारी है फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है जहां मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल में रख दिया गया है.

# झूलेलाल जयंती व हिन्दू नववर्ष चेट्रीचंड्र महोत्सव में होंगे कई कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 मार्च, वरुण देवता भगवान झूलेलाल जयंती 'चेट्रीचंड्र' एवं हिन्दू नववर्ष बड़े हर्षोल्लास से मनाने सिंधी समाज द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं.**

कार्यक्रम की जानकारी पत्रकारवार्ता में देते हुए शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ने बताया कि सिंधी समाज की समाजसेवी संस्थाओं श्री झूलेलाल सेवा मंडल, सिंधू यूथ विंग, सिंधू नवयुवक मंडल, सिंधू मेला समिति, श्री झूलेलाल मंदिर सेवा ट्रस्ट एवं श्री झूलेलाल धर्मार्थ प्याऊ समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं. 7 मार्च से प्रारंभ होने वाले पूरे 1 मांह तक चलने वाले कार्यक्रमों के बारे में उन्होने बताया कि सर्व प्रथम फिल्म फेस्टिवल के तहत सिंधियत और मनोरंजन से भरपूर प्रेरणादायक फिल्मों का प्रदर्शन समदड़िया गोल्ड में होगा. पचमठा धाम में बीहर आरती के साथ-साथ श्री झूलेलाल आरती सिंधी समाज की कुलदेवी हिंगलाज माता की आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है. सिंधू भवन में तीन दिवसीय 18-19 व 20 मार्च को भक्तिमय संगीत कार्यक्रम विशेष रुप से रुप-बसंत कटनी का रंगारंग भजन कार्यक्रम एवं 17 मार्च को सामूहिक जनेउ संस्कार, 20 मार्च को स्थानीय तोपखाना से विशाल स्कूटर रैली निकाली जावेगी जो शहर भ्रमण के पश्चात सिंधू भवन श्री झूलेलाल नाम में समाप्त होगी. 19 मार्च को खैरी स्थित श्री झूलेलाल मंदिर व 20 मार्च को सिंधू भवन में आम भंडारा साथ ही हेमू कालाणी चौक पर प्रसाद वितरण होगा.

सायंकाल बहराणा साहब व शोभायात्रा निकाली जाएगी. 25 मार्च को सिंधू भवन में आनंद मेला लगाया जावेगा. शहर सहानी मौजूद रहे.

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व अतिरिक्त महाप्रबंधक अमरनाथ पाण्डेय का निधन



नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 मार्च, जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक रीवा में पूर्व में पदस्थ अतिरिक्त महाप्रबंधक अमरनाथ पाण्डेय का एक मार्च को उपचार के दौरान दु:खद निधन हो गया.**

वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गये है. पिछले कुछ समय से लीवर रोग से ग्रसित थे जिनका इलाज दिल्ली में चल रहा था. तबियत खराब होने पर शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहा उपचार के दौरान रविवार को निधन हो गया. निधन की खबर लगते ही शुभचिंतक उनके निवास पहुंचकर परिवारजनो को ढ़ाढस बंधाया.

# रामनवमी उत्सव समिति के जिलाध्यक्ष बने नरेश काली



नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 मार्च, रीवा नगर में प्रभु श्रीराम के पावन जन्मोत्सव को भव्य और दिव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु श्री राम नवमी उत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय स्टार होटल में संपन्न हुई. बैठक में विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री अवधेश सिंह, विभाग मंत्री विश्वनाथ खारोल बाबा कोषाध्यक्ष हरीश ढींगरा एवं नगर अध्यक्ष अमित डिगवानी की उपस्थिति रही.**

बैठक के दौरान इस वर्ष की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई. समिति ने सर्वसम्मति से संरक्षक के रूप में सुनील सिंह जिला अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद रीवा को दायित्व सौंपा. मार्गदर्शक के रूप में प्रकाश गुप्ता, अध्यक्ष पद पर नरेश काली, सचिव के रूप में दिव्यांशु गौतम तथा कोषाध्यक्ष के रूप में अशोक मिश्रा का चयन किया गया.इसी प्रकार महिला प्रमुख के रूप में श्रीमती नीलिमा सिंह, युवा प्रमुख के रूप में विपिन मिश्रा तथा प्रचार-प्रसार प्रभारी के रूप में अंशुमान गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई. अध्यक्ष नरेश काली ने कहा कि विगत वर्षों से रीवा नगर में निकलने वाली श्रीराम नवमी की भव्य शोभायात्रा को इस वर्ष और अधिक व्यापक, भावपूर्ण एवं अनुशासित स्वरूप दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक रामभक्त इसमें सहभागी बन सकें. अध्यक्ष श्री काली ने कहा कि शोभा यात्रा को लेकर व्यापक स्तर पर अभी से तैयारी शुरू कर दी जायेगी ताकि कार्यक्रम अच्छा हो. बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि श्रीराम जन्मोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता और श्रद्धा का महापर्व है. इस वर्ष आयोजन को भव्यता, अनुशासन और जनसहभागिता के नए आयामों के साथ संपन्न किया जाएगा.

# किसानों को प्राकृतिक खेती का दिया गया प्रशिक्षण



नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 मार्च, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजनांतर्गत जिले के विकासखण्ड त्योंथर में प्राकृतिक खेती के लिये कृषकों को जागरूक किया गया. जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गंगतीरा में किया गया.**

जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिये प्रशिक्षण दिया जारहा है. जिसमें मास्टर ट्रेनर रवीन्द्र कुमार पटेल, श्रीमती भावना सिंह, श्रीमती पुष्पांजली शुक्ला, श्रीमती अनीता द्विवेदी उपस्थित रहे. उपस्थित कृषकों को प्राकृतिक खेती के घटक जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र आदि बनाने की पूर्ण विधि बताई गई. बीजामृत का उपयोग बीज उपचार करने के लिए किया जाता है जिससे बीज जनित रोगों से बचा जा सकता है. बीजामृत बनाने के लिए देशी गाय का गोबर 5 किग्रा. गौमूत्र 5 ली. चूना 50 ग्राम, पानी 20 ली. पेड के नीचे की मिट्टी 200 ग्राम. का मिश्रण तैयार कर 100 किग्रा बीज के उपचार हेतु किया जा सकता है. नीमास्त्र देशी गाय का गोबर एक किग्रा. गौमूत्र 5 ली. नीम के पत्ती या फल 5 किग्रा. पानी 100 ली. का मिश्रण तैयार कर एक एकड़ की फसल में कीट नियंत्रण हेतु उपयोग किया जा सकता है. प्राकृतिक खेती के कई फायदे भी बताए गये.

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 16 तक आमंत्रित

रीवा, 1 मार्च, लेखा प्रशिक्षण सत्र 2026 के लिए लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं. आवेदन पत्र 16 मार्च तक लेखा प्रशिक्षण शाला में दो प्रतियों में स्वीकार किये जायेंगे. प्राचार्य विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि एक अप्रैल से 30 जून तक लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र आयोजित होगा.

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 मार्च, रीवा सीधी हाइवे के गुढ़ थाना क्षेत्र के भीटी स्टैंड के पास बीती शाम ट्रक और बाइक में टक्कर हो गई.**

घटना के दौरान बाइक सवार युवक को गंभीर चोटे आई है जिसे उपचार के लिए तत्काल अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है. रीवा सीधी मार्ग के गुढ़ के भीटी स्टैंड के पास एक सड़क हादसा हुआ जिसमें ट्रक ने एक मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिसकी वजह से बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और वहीं बाइक सवार युवक गंभीर चोटे आई.

घटना के दौरान घायल युवक का एक पैर घुटने से पूरा अलग होता हुआ दिखाई दे रहा है वही बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद ट्रक सहित चालक फरार हो गया है.

स्थानीय लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी है घायल की स्थिति देखते हुए लोगों का कहना है कि युवक की हालत गंभीर है. वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात ट्रक सहित चालक की तलाश शुरू कर दी है.